वार्षिक परीक्षा 2021-22

कक्षा - 7

विषय -हिन्दी

समय : 2: 30 घण्टा

पूर्णांक : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक सम्मुख अंकित किए गए हैं।

खण्ड - 'क'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **4 × 2 = 8**

माधवदास को वह चिड़िया बड़ी मनमानी लगी। उसकी स्वच्छंदता बड़ी प्यारी जान पड़ती थी। कुछ देर तक वह उस चिड़िया का इस डाल से उस डाल थिरकना देखते रहे। इस समय वह अपना बहुत-कुछ भूल गए। उन्होंने उस चिड़िया से कहा, ''आओ, तुम बड़ी अच्छी आई। यह बगीचा तुम लोगों के बिना सूना लगता है। सुनो चिड़िया तुम खुशी से यह समझो कि यह बगीचा मैंने तुम्हारे लिए ही बनवाया है। तुम बेखटके यहाँ आया करो।''

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(ख) माधवदास को चिड़िया कैसी लगी?

(ग) माधवदास ने चिड़िया से क्या कहा?

(घ) 'खुशी' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

प्र. 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **3 × 2 = 6**

आकाश का साफ़ा बाँधकर सा
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा।

(क) कवि ने किसके रूप में जाड़े की शाम के प्राकृतिक दृश्य का चित्रण किया है?

https://www.ukboardonline.com

(ख) पलाश के पेड़ों पर खिले लाल- लाल फूल किसके समान लग रहे हैं?

(ग) उपर्युक्त पंक्तियों की रचना किसने की?

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- $5 \times 2 = 10$

(क) रेखांकित शब्दों में विशेषण का प्रकार बताइए -

1. खट्टे आम का अचार पड़ता है।
2. खेत में काले हाथी घुस गये।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -

सूर्य, जल

(ग) सन्धि कीजिए -

विद्या + आलय ....

महा + ऋषि ....

(घ) सन्धि विच्छेद कीजिए -

गणेश, रामावतार

(ङ) जैसे- उप + कार = उपकार बनता है उसी प्रकार आप भी 'उप' उपसर्ग लगाकर दो नये शब्द बनाइए।

प्र. 4 'बाल महाभारत कथा' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- $5 \times 2 = 10$

(क) शान्तनु की कितनी रानियाँ थी?

1. दो 2. तीन 3. चार

(ख) अम्बालिका के पुत्र का नाम था -

1. धृतराष्ट्र 2. पांडु 3. कौरव

(ग) विचित्रवीर्य की रानी अम्बालिका की दासी के पुत्र आगे चलकर किस नाम से प्रख्यात हुए -

1. भीष्म 2. विदुर 3. अर्जुन

(घ) वारणावत कौन-कौन गए?

1. कुन्ती और पांडव 2. कुन्ती और कौरव 3. कुन्ती और दुर्योधन

(ङ) पांडवों ने तेहरवाँ वर्ष किस नगर में बिताया?

1. हस्तिनापुर 2. विराट नगर 3. 1 और 2 दोनों

https://www.ukboardonline.com

खण्ड - 'ख'

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के 4 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 5 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **7 × 4 = 28**

(क) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

(ख) खून को भानुमती का पिटारा क्यों कहा जाता है?

(ग) यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तोचान ने अथक प्रयास क्यों किया? लिखिए।

(घ) खान-पान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?

(ङ) वसन्त ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बन्द रहना असहनीय क्यों हो जाता था?

(च) मीरा को सावन मन भावन क्यों लगने लगा?

(छ) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

खण्ड - 'घ'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 6 **अपने किसी प्रिय खेल को खेले जाने की विधि अपने शब्दों में लिखिए।** **06**

प्र. 7 **अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।** **06**

प्र. 8 **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।** **06**

1. परिश्रम का महत्व।
2. गणतंत्र दिवस।

https://www.ukboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.ukboardonline.com